औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी कर्मचारी संघ (हरियाणा)

हरियाणा सोसायटी पंजीकरण एक्ट 2012 के तहत पंजीकृत
(पंजीकरण संख्या-एच.आर./009/2018/1250)

मलखान सिंह
9992991993
प्रधान

सम्बद्ध : सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा
E-mail : itteaharyana@gmail.com

राधेश्याम
9416732918
महासचिव

क्रमांक itteа/2021/114 दिनांक 09/04/21

सेवा मे

प्रधान सचिव
कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा
चण्डीगढ।

विषयः— **सप्ताह में 5 दिन का कार्यदिवस न करने के कारण हड़ताल का नोटिस देने बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

आपको अवगत करवाया जाता है कि दिनांक 8 अप्रैल 2021 को महानिदेशक कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा तथा श्री संजीव शर्मा संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) के साथ संघ की मीटिंग हुई। जिसमे सप्ताह मे 5 कार्यदिवस करने बारे काफी मंथन किया गया। लेकिन संघ द्वारा सभी तथ्य प्रस्तुत करने उपरांत भी निदेशालय द्वारा इस पर कोई ठोस/साकारात्मक निर्णय नही लिया गया है।

संघ आपको यह भी सूचित करता है कि दिनाक 6 अप्रैल 2021 को संघ का प्रतिनिधिमडल आप महोदय से भी मीटिंग कर चुका है और आप महोदय द्वारा इस मामले मे निदेशालय स्तर के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से मौखिक निर्देश दिए गए थे कि सप्ताह मे 5 कार्य दिवस कर दिए जाएं। लेकिन निदेशालय द्वारा आपके निर्देशो को लागू नहीं किया गया है।

अतः संघ आपको अवगत करवाना चाहता है कि यदि सप्ताह में 5 कार्य दिवस लागू नही किए गए, तो संघ को मजबूरन हड़ताल करनी पड़ेगी। जिसकी पूर्णतयः जिम्मेवारी निदेशालय तथा निदेशालय स्तर के सम्बंधित अधिकारियों की रहेगी।

R.Shyam
Gen. Secretary / महासचिव
Industrial Training Technical
औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी
Employees Association (Haryana)
कर्मचारी संघ (हरियाणा) रजि. नं. 01250/2018

पृ0 क्रमांक ittea/2021/115 to 123 दिनांक 09/04/21

उपरोक्त की एक–एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतू प्रेषित है:-

1 माननीय मन्त्री महोदय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा सरकार।
2 महानिदेशक, कौशल विकास एव औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा।
3 श्री संजीव शर्मा, संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण), कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा, पंचकुला।
4 उपायुक्त महोदय, पंचकुला।
5 पुलिस कमिशनर महोदय, पंचकुला।
6 सभी प्रधानाचार्य/वर्ग अनुदेशक इंचार्ज, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरियाणा राज्य।
7 सभी प्रधानाचार्य/वर्ग अनुदेशक इंचार्ज (महिला) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हरियाणा राज्य।
8 प्रधान/महासचिव आई0टी0आई0 सर्व अनुबंध अनुदेशक संघ, हरियाणा।
9 सभी लाकल बॉडी प्रधान/महासचिव, राजकीय आई0टी0आई0/राजकीय आई0टी0आई0 (महिला) हरियाणा राज्य में।

R.Shyam
Gen. Secretary / महासचिव
Industrial Training Technical
औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी
Employees Association (Haryana)
कर्मचारी संघ (हरियाणा) रजि. नं. 01250/2018

Scanned with CamScanner